भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 26.11.2025

आरेडिका में संविधान दिवस पर किया गया उद्देशिका का पाठ

भारतीय संविधान की 76वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज दिनांक 26.11.2025 को आरेडिका में "संविधान दिवस" मनाया गया जिसमें आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संविधान की "उद्देशिका" का पाठ किया गया।

ज्ञात हो कि आज के दिन 26 नवम्बर 1949 को भारत के संविधान को संविधान सभा द्वारा अधिनियमित एवं आत्मार्पित किया गया था और इसके कुछ उपबंधों को तत्काल प्रभाव से इसी दिन से लागू कर दिया गया तथा 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान पूर्ण रूप से लागू हुआ।

आरेडिका के कार्मिक विभाग द्वारा केन्द्रीय विद्यालय में "हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान" विषय पर ड्राइंग, पेंटिग प्रतियोगिता तथा संगोष्ठी कक्ष में निबंध लेखन एवं सेमीनार का आयोजन किया गया।

आरेडिका के फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट, फर्निशिंगशॉप, शेल डिपो, गुणवत्ता विभाग सहित सभी विभागों के कर्मचारियों ने अपने विभाग से संबंधित उपविभागाध्यक्षों के नेतृत्व में अपने कार्यस्थल पर ही संविधान की "उद्देशिका" का पाठ किया।

26/11/2025
(आर एन तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी